# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23 दिसंबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लखनऊ और प्रयागराज सहित देश के पैंतालीस स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में वर्चुअल माध्यम से लेंगे हिस्सा। इकहत्तर हजार से अधिक युवाओं को प्रदान करेंगे नियुक्ति पत्र।
- प्रदेश में तेरह सौ इकत्तीस परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई पीसीएस–दो हजार चौबीस की प्रारंभिक परीक्षा।
- राज्य के पन्द्रह जिलों में सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के माध्यम से सत्ताइस लाख से अधिक लोगों की हुई स्क्रीनिंग। मिले दो लाख से अधिक टीबी रोगी।
- अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की पहली वर्षगांठ पर ग्यारह जनवरी से आयोजित होगा तीन दिवसीय रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह साढ़े दस बजे विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये लखनऊ और प्रयागराज सहित देश के पैंतालीस स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में शामिल होंगे। इस दौरान वह केन्द्र सरकार के विभागों और संगठनों में नौकरी पाने वाले इकहत्तर हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। देशभर से चयनित युवा, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में अपने–अपने पद का कार्यभार सभालेंगे। एक रिपोर्ट–

***देशभर में 45 जगहों पर आयोजित होने वाले रोजगार मेलों के क्रम में लखनऊ के बिजनौर में होने वाले रोजगार मेले में विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और प्रयागराज के फाफामऊ में केन्द्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल अलग–अलग पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।***

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा–दो हजार चौबीस कल प्रदेश के पचहत्तर जिलों में कुल तेरह सौ इकतीस परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गई। दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा को नक़लविहीन और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए सभी जिलों में प्रभावी व्यवस्थाएं की गई थीं। एक रिपोर्ट–

***पीसीएस के 220 पदों पर भर्ती के लिए पांच लाख छिहत्तर हजार एक सौ चौवन अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। परीक्षा को सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रश्न पत्रों को डिजिटल लॉकर वाले बॉक्स में रखकर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया। इस बार प्रत्येक केंद्र पर एक स्टेटिक और एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जबकि, इससे पूर्व तीन परीक्षा केंद्रों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जाती थी। परीक्षा केंद्र पर हर परीक्षार्थी की पहचान के लिए आइरिश स्कैनिंग के पश्चात अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर होलोग्राम चस्पा किए गए। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

**********

अगले महीने प्रयागराज में शुरू होने वाले महाकुंभ के लिये जोर–शोर से तैयारी चल रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये प्रभावी व्यवस्थायें की जा रही है। इस विश्वस्तरीय धार्मिक–सांस्कृतिक आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने के लिये अनेक कदम उठाये जा रहे हैं। इसी क्रम में लखनऊ–प्रयागराज मार्ग को बटरफ्लाई लाइटिंग से सजाया जायेगा। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों और खास मेहमानों को मुख्य मार्गो तथा चौराहों पर मनोहारी लाइटों की सजावट देखने को मिलेगी। मंडलायुक्त डॉ0 रौशन जैकब ने मीडिया को बताया कि महाकुंभ के सिलसिले में लखनऊ मंडल में सभी जरूरी व्यवस्थाओं को दुरूस्त किया जा रहा है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्तीस दिसंबर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंग। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1 8 0 0–1 1–7 8 0 0 के माध्यम से दे सकते हैं। साथ ही नरेंद्र मोदी ऐप या माई गाव ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की सत्ताइस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

**********

केन्द्र सरकार के सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के लिये प्रदेश के पन्द्रह जिलों को चिन्हित किया गया है। अभियान के माध्यम से पिछले तेरह दिनों के दौरान दो लाख से अधिक टीबी रोगियों की पहचान की गई। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट.....

***सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान में राज्य के 15 जनपद– अयोध्या, सीतापुर, बाराबंकी, देवरिया, इटावा, अमेठी, बस्ती, फर्रूखाबाद, हाथरस, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, सिद्धार्थनगर और सुल्तानपुर शामिल किये गये हैं, जहां टीबी के मामलों की दर अपेक्षाकृत ज़्यादा है। विशेष अभियान में टीबी के उन रोगियों को तलाश करने पर विशेष बल दिया जा रहा है, जिनकी अब तक पहचान नहीं हुई। पिछले 13 दिनों के दौरान 27 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जबकि 35 हजार से अधिक लोगों का माइक्रोस्कोपी और 26 हजार से ज्यादा लोगों का एनएएटी परीक्षण किया गया। इस दौरान दो लाख 20 हजार 520 टीबी रोगियों की पहचान की गई। यह टीबी मुक्त अभियान आगामी साल 24 मार्च तक जारी रहेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।***

**********

अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव अगले महीने ग्यारह जनवरी से शुरू होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने मीडिया को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पहली वर्षगांठ दिव्यता और भव्यता के साथ मनाई जायेगी।

***प्रतिष्ठा का पहला वर्ष पौष शुक्ल द्वादशी 11 जनवरी, तीन दिन का कार्यक्रम करेंगे। 11 जनवरी, 12 जनवरी, 13 जनवरी। पांच अलग–अलग स्थानों पर कार्यक्रम होंगे। पहला स्थान है यज्ञ मंडप, इसमें जनता नहीं जा पायेगी, जिसको हम बुलायेंगे वहीं आ पायेगा। दूसरा स्थान है राम जन्मभूमि मंदिर के अंदर के हिस्से वहां भी कोई अन्य नहीं जा पायेगा और तीसरा स्थान है यात्री सुविधा केन्द्र और चौथा स्थान है अंगद टीला प्रांगढ़।***

श्री राय ने कहा कि इस महीने के आखिर तक श्रीराम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर सहित सभी 18 मंदिर पूरे कर लिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष लगभग 3 करोड़ श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर चुके हैं।

**********

प्रसार भारती के चेयरमैन और क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि केन्द्र सरकार खेलों को प्रोत्साहित करने के लिये हर तरह की सहायता उपलब्ध करा रही है। श्री सहगल कल लखनऊ में महिला क्रिकेट लीग में विजेताओं को पुरस्कार देने के बाद खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं विशेष रूप से महिलाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का आह्वान किया।

***प्रतिभायें हमारी जो है वो समाज में हर वर्ग में है महिलायें। चूंकि आधे से आधे के आसपास है पूरी दुनिया में हमारे जो महिलाओं की प्रतिभा है वो अभी तक छुपी रहती थी उसको आगे लाना बहुत जरूरी है। आप आगे आये। आप में जो प्रतिभायें है उसका भी तो देश की प्रगति में उसका भी उपयोग होना चाहिये। सरकार कम समय खेलों पर बहुत जोर दे रही है और प्रोत्साहन भी दे रही है तो ऐसे में हमारे जो बच्चे वो आगे आये, खेले।***

**********

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में कल लखनऊ के लामार्टिनियर कॉलेज परिसर में उन्सठवीं उत्तर प्रदेश राज्य क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। चैम्पियनशिप में दस किलोमीटर पुरूष रेस यूपी पुलिस के पंकज कुमार ने जीता जबकि महिला रेस में यूपी पुलिस की ममता पाल ने जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव नरेंद्र कुमार ने बताया कि इस चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश पुलिस और स्पोर्ट्स कॉलेज सहित 55 जिलों की जिला यूनिट के लगभग चार सौ पचास खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। चैंपियनशिप के आधार पर चयनित उत्तर प्रदेश की टीम आगामी बारह जनवरी को मेरठ में आयोजित होने वाली 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी।

**********

प्रदेश बॉस्केटबाल की बालक टीम ने इकतालीसवीं सब जूनियर बॉस्केटबाल चैम्पियनशिप जीत कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। पिछली सोलह से बाइस दिसम्बर तक हैदराबाद में आयोजित चैम्पियनशिप में प्रदेश टीम ने अपने सभी मैच जीते हैं। फाइनल मैच में टीम ने दिल्ली की टीम को हराया। उत्तर प्रदेश बॉस्केटबाल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉक्टर सीमा शर्मा ने विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को दस–दस हजार रूपये पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की है।

**********